गोपनीय

योगेश चन्द्र
विशेष सचिव

68/अर्द्व0शा0प0सं0-22(23)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 10 जुलाई,2014

प्रिय महोदय,

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत मुख्य अभियन्ता स्तर-एक (सिविल) के पद पर सम्भावित 01 परिणामी रिक्ति के सापेक्ष अनुपूरक चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 30.06.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा **श्री चन्द्र किशोर** को मुख्य अभियन्ता स्तर-एक (सिविल) के पद पर सम्भावित उक्त 01 परिणामी रिक्ति के सापेक्ष पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. चयन समिति द्वारा यह भी संस्तुति की गयी है कि उपरोक्त संस्तुति के आधार पर पदोन्नति प्रदान करते हुए नियुक्त किये जाने के आदेश रिक्ति के वास्तविक रूप में उपलब्ध होने पर ही जारी किये जायेंगे।

3. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

4. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in